18.12.2024 आकाशवाणी भोपाल 7.10pm

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री ने कहा डॉ. भीमराव अंबेडकर के मामले पर कांग्रेस के काले इतिहास का सच आया सामने।
- विधानसभा का शीतकालीन सत्र जारी, मुख्यमंत्री ने दी पार्वती–कालीसिंध चंबल लिंक परियोजना की जानकारी।
- खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के सम्मान के साथ प्रोत्साहन राशि का हुआ वितरण।
- प्रदेश में ठंड से मिली कुछ राहत, 25 दिसंबर से ठंड का एक और दौर संभव।

पीएम-कांग्रेस अंबेडकर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर पर केंद्रीय गृह मंत्री की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि श्री शाह ने भारतीय संविधान के निर्माता का अपमान करने के कांग्रेस के काले इतिहास को उजागर किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि श्री शाह द्वारा प्रस्तुत तथ्यों से कांग्रेस स्पष्ट रूप से तिलमिलाई हुई और स्तब्ध लगती है। यही कारण है कि वह अब नाटकबाजी में लगी हुई है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि देश के लोगों ने बार-बार देखा है कि कैसे एक राजवंश के नेतृत्व वाली पार्टी ने डॉक्टर आम्बेडकर की विरासत को मिटाने और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति को अपमानित करने के लिए हर संभव अनुचित चाल चली है।

प्रधान मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि डॉक्टर आम्बेडकर के प्रति उनकी सरकार का पूरा सम्मान और श्रद्धा है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने पिछले दशक से उनके दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए अथक प्रयास किया है।

अमित शाह - आंबेडकर

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में कल के उनके भाषण को तोड-मरोडकर पेश करने से संबंधित मामले में कांग्रेस के आरोपों की कडी निंदा की है। नई दिल्ली में आज शाम पार्टी मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कांग्रेस पर डॉक्टर भीम राव आंबेडकर विरोधी और आरक्षण तथा संविधान के विरूद्ध होने का आरोप लगाया।
गृह मंत्री श्री शाह ने मीडिया से अपील करते हुए कहा कि उनका पूरा बयान जनता के सामने रखे।

## संसद स्थगन

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही आज केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर का अपमान करने के विपक्ष के आरोपों के कारण हुए हंगामे के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा की कार्यवाही जब स्थगन के बाद दोपहर दो बजे फिर शुरू हुई तो पीठासीन अधिकारी ने विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी सदस्यों द्वारा दिए गए स्थगन नोटिस की अनुमति नहीं दी। विपक्षी दलों के सांसद श्री शाह द्वारा की गई टिप्पणी के विरूद्ध उनके माफी मांगने को लेकर नारेबाजी कर रहे थे। इस बीच, पीठासीन अधिकारी ने सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी। राज्यसभा की कार्यवाही में भी इसी प्रकार के मुद्दे हावी रहे।

## विधानसभा शीतकालीन सत्र

विधानसभा में शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन आज प्रश्नकाल के बाद मुख्यमंत्री डॅ. मोहन यादव ने पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना के संबंध में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जयपुर में मध्यप्रदेश और राजस्थान के लगभग 20 साल बहुत उलझे हुए पुराने मसले का निराकरण करवाया है। उन्होंने कहा कि यह योजना न केवल पश्चिमी मध्यप्रदेश के मालवा बल्कि हमारे पूरे चंबल के लिए है। उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण लागत 72000 करोड़ रुपये का केवल 10 प्रतिशत ही राज्य सरकार को देना है। सदन में आज अनुपूरक बजट पर चर्चा हुई। वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने 22 हजार करोड़ रुपए से अधिक का सप्लीमेंट्री बजट सदन में पेश किया था। सदन में डिजिटल अरेस्ट के बढते मामलों पर चिंता व्यक्त की गई।
आज विजयपुर से नव निर्वाचित विधायक मुकेश मल्होत्रा को स्पीकर ने शपथ दिलाई गई।

## खेल सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल के टीटी नगर स्टेडियम में 'खेल प्रतिभाओं का सम्मान और प्रोत्साहन समारोह' में 1 हजार 786 खिलाड़ियों को 25.389 करोड़ रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गयी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिये हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। नयी शिक्षा नीति में खेलों को भी पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। स्पोटर्स् टीचर की पदोन्नतियों के रास्ते खोले गये हैं। उन्होंने कहा कि पुरस्कार मिलने के बाद आई चकाचौंध से हमें फिसलना नहीं चाहिए....।

कार्यक्रम में राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक विजेताओं को सम्मानित किया गया। खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक शासकीय खेल परिसर स्थापित करने के प्रस्ताव पर अपनी सहमति प्रदान कर दी है। जल्द ही इस योजना को मूर्तरूप प्रदान किया जायेगा।

## मुख्यमंत्री जबलपुर

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज जबलपुर में तिलवारा स्थित बार एसोसिएशन के कार्यक्रम में शामिल होंगे। साथ ही मुख्यमंत्री प्रदेश की सबसे बड़ी गोशाला का भूमिपूजन भी करेंगे। उमरिया गांव में प्रदेश की सबसे बड़ी गोशाला बन रही है। 40 करोड़ रुपए की लागत से यह गोशाला तैयार की जा रही है, जिसमें 6 हजार से अधिक गो वंश को एक साथ रखने की व्यवस्था होगी।

## मौसम

प्रदेश के कुछ जिलों सर्दी से राहत मिलती दिख रही है। भोपाल, इन्दौर , उज्जैन जिलों में अधिकतम तापमान में बढ़ौतारी हुई है। वहीं जबलपुर, मंडला,सिवनी, छतरपुर जिलों में शीतलहर का प्रभाव बना हुआ है। प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान पचमढ़ी में 2 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भोपाल में न्यूनतम तापमान 6 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने आज ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिलों के लिए कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिनों तक प्रदेश में ठंड से राहत रहेगी। मौसम विभाग ने कहा है कि 25 दिसंबर के बाद ठंड का एक और दौर शुरू हो सकता है।

## रेलवे- कुंभ मेला

केंद्र सरकार ने आज उन खबरों को खारिज कर दिया, जिनमें दावा किया गया था कि महाकुंभ मेले के दौरान यात्रियों को मुफ्त यात्रा की सुविधा दी जाएगी। रेल मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारतीय रेलवे इन खबरों का स्पष्ट रूप से खंडन करता है और ये पूरी तरह से निराधार और भ्रामक हैं। रेल मंत्रालय ने कहा कि भारतीय रेलवे के नियमों के तहत वैध टिकट के बिना यात्रा करना दंडनीय अपराध है। भारतीय रेलवे महाकुंभ के दौरान यात्रियों के लिए निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

साहित्य अकादेमी पुरस्कार

साहित्य अकादेमी ने आज नई दिल्ली में साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2024 की घोषणा की। अकादेमी ने इन पुरस्कारों के लिए कुल 21 भाषाओं की रचनाओं को चयनित किया है। हिंदी की जानी-मानी लेखिका गगन गिल का उनके प्रसिद्ध कविता संग्रह- मैं जब तक आई बाहर के लिए चयन हुआ है।

समाचार संक्षेप में ----

- उज्जैन में यंग एंटरप्रेन्योर समिट 2024 का आयोजन 21 और 22 दिसंबर को होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि है कि इसमें नये उद्योगपतियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।
- श्योपुर में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस 25 दिसंबर के उपलक्ष्य में 19 से 24 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। प्रशासन गांव की ओर थीम पर आयोजित सुशासन सप्ताह के दौरान विभिन्न विभागो के जिला अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रो में पहुंचकर योजनाओं का लाभ देंगे ।
- उज्जैन-झालावाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज आगरमालवा जिले में कीटखेडी जोड के पास दिल्ली से इंदौर की और जा रही एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में एक बालिका की मौत हो गई वही 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए।
- इस साल हजयात्रा पर बिना मेहरम यानि बिना पुरुष साथी के हज पर जाने वाली महिलाओं में प्रदेश की 34 महिलाएं भी शामिल रहेंगी। हज-2025 के लिए हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा 500 महिला आवेदकों का चयन कर सूची जारी की गई है।
- प्रदेश में वर्ष 2025-26 शैक्षणिक सत्र में बच्चों को पाठ्य-पुस्तक शैक्षणिक सत्र शुरू होने के साथ आसानी से मिल जाए, यह निर्देश स्कूल शिक्षा मंत्री राउत सिंह ने विभागीय अधिकारियों को दिए है। वह मध्यदेश पाठ्यपुस्तक निगम की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।